Roll No. .....

(12/19-II)

5208

B. Sc. EXAMINATION

(Third Semester)

HINDI

Time : Three Hours *Maximum Marks :* 40

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) जीवन भोज है,
शरीर केले का पत्ता है ।
इस पत्ते पर आदमी
भोजन तो बड़े प्रेम से करता है ।
लेकिन खाना खत्म होते ही
वह उसे फेंक देता है ।
जूठा पत्ता भी कभी कोई
सम्भाल कर धरता है ?

(ख) है आदान-प्रदान यही तो
दोनों को हितकारी
बँटे हुए हैं कर्म हमारे,
पड़े न जिसमें भारी ।
देता है मिट्टी का घट ही
मुझको ठंडा पानी
पर सोने का पात्र चाहती,
तू दरिद्र की रानी ?

(ग) अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा,
श्याम तृण पर बैठने को, निरुपमा
बह रही है हृदय पर केवल अमा;
मैं अलक्षित हूँ यही-
कवि कह गया है ।

(घ) बीती विभावरी जाग री ।
अम्बर पनघट में डुबो रही,
तारा घट उषा नागरी ।
खग कुल-कुल-कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा । 6+6=12

2. निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए :

(क) श्री मैथिलीशरण गुप्त

(ख) श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' । 6

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) समाचार-पत्र

(ख) विज्ञान और औद्योगीकरण

(ग) वैज्ञानिक प्रगति में भारत का योगदान

(घ) मानवाधिकार

(ङ) नैतिक शिक्षा । 8

4. प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा की ओर से महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा को महाविद्यालय में हिन्दी व पंजाबी की स्नातकोत्तर कक्षाएँ आरम्भ करवाने के लिए एक पत्र लिखिए।

अथवा

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव की ओर से उपायुक्त फतेहाबाद को जिला में बढ़ रही लूटपाट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक पत्र लिखिए । 9

5. निम्नलिखित **दस** तकनीकी शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए :

(i) Friction

(ii) Ecology

(iii) Freezing

(iv) Fission

(v) Fossil

(vi) Atmosphere

(vii) Decomposition

(viii) Formula

(ix) Heater

(x) Compound. $10 \times \frac{1}{2} = 5$